चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/8287
दिनांक : 17.11.2023

विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत स्नातक स्तर पर संचालित **बी०ए०, बी०काम० (संस्थागत/व्यक्तिगत), बी०एस–सी०, बी०एस–सी० फिजिकल एजूकेशन एण्ड स्पोर्ट्स (संस्थागत)** तथा स्नातकोत्तर स्तर पर संचालित **एम०ए०/एम०काम० (व्यक्तिगत)** पाठ्यक्रमों की मुख्य परीक्षा–2023 (सत्र 2022–23) सम्पन्न करायी जा चुकी है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरान्त उपरोक्त सन्दर्भित समस्त पाठ्यक्रमों की बैक पेपर परीक्षा भी करायी जानी प्रस्तावित है।

उपरोक्त सन्दर्भित पाठ्यक्रमों के समस्त छात्र/छात्राओं के बैक पेपर परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.ccsuniversity.ac.in** पर विश्वविद्यालय के पत्रांक परीक्षा/8278, दिनांक 09.11.2023 द्वारा भरवाये जाने की अन्तिम तिथि दिनांक 16.11.2023 तक विस्तारित की गयी थी।

आदेशानुसार परीक्षा फार्म भरने से वंचित ऐसे छात्र/छात्राओं को जिन्होंने अभी तक बैक पेपर परीक्षा फार्म नहीं भरा है, अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए तिथियाँ दिनांक 25.11.2023 तक निम्नानुसार पुनः विस्तारित की जाती है।

ऑन लाईन परीक्षा फार्म भरने की विस्तारित तिथियाँ निम्नानुसार है –

01.	छात्र/छात्राओं द्वारा परीक्षा फार्म वेबसाईट पर ऑन–लाईन भरने एवं ऑन–लाईन परीक्षा शुल्क जमा करने की प्रारम्भिक तिथि	**25.10.2023**
02.	छात्र/छात्राओं द्वारा ऑन लाईन परीक्षा फार्म भरने तथा ऑनलाईन परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि	**25.11.2023**
03.	समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों सहित परिपूर्ण परीक्षा फार्म सम्बन्धित महाविद्यालयों में जमा कराने एवं सत्यापन कराये जाने की अन्तिम तिथि	**28.11.2023**
04.	प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक द्वारा अग्रसारित परीक्षा फार्म महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करने की अन्तिम तिथि	**30.11.2023**

नोट :– 1. बैक पेपर परीक्षा के नियम संलग्न हैं।

2. समस्त अर्ह छात्र/छात्रायें परीक्षा फार्म भरे जाने से पूर्व विश्वविद्यालय वेबसाईट **www.ccsuniversity.ac.in** पर उपलब्ध वार्षिक पाठ्यक्रमों से सम्बन्धित समस्त नियमों का भली–भाँति अध्ययन करने के पश्चात् ही परीक्षा फार्म भरना सुनिश्चित करें।
3. मात्र मुख्य परीक्षा–2023 में सम्मिलित छात्र/छात्रा ही उक्त बैक पेपर परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अर्ह हैं। मुख्य परीक्षा–2023 से पूर्व के छात्र/छात्रा इस बैक पेपर परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अर्ह नहीं हैं।

17.11.2023

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि परीक्षा फार्म अग्रसारण में अर्हता का अच्छी तरह परीक्षण कर लिया जाये कि जिस पाठ्यक्रम के लिए छात्र आवेदन कर रहा है, उसके लिए वह अर्ह है अथवा नहीं।
02. सचिव कुलपति को कुलपति जी के सूचनार्थ।
03. वयैक्तिक सहायक, निदेशक (अकादमिक) को, निदेशक (अकादमिक) जी के सूचनार्थ।
04. वयैक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी को, वित्त अधिकारी के सूचनार्थ।
05. वयैक्तिक सहायक, कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
06. वयैक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को, परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
07. लेखाधिकारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
08. सहा० कुलसचिव/उप कुलसचिव/प्रभारी (परीक्षा/गोपनीय/लेखा)।
09. प्रभारी–कमैटी सेल/अति गोपनीय विभाग।
10. प्रभारी–कम्प्यूटर केन्द्र/विश्वविद्यालय वेबसाईट।
11. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
12. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेन्सी को इस आशय के साथ प्रेषित कि समस्त नियमों/अर्हता के अनुरूप ही बैक पेपर परीक्षा–2023 हेतु परीक्षा फार्म भरवाया जाना सुनिश्चित करें।
13. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त महत्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के सभी संस्करणों में विशेष स्थान देते हुए, छात्र हित में, निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
14. विश्वविद्यालय पूछताछ–केन्द्र/सूचना पट।

17/11

सहा० कुलसचिव (परीक्षा)